**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 15.11.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।**
- **गुरुनानक जयंती प्रकाश पर्व के रूप में उल्लास से मनाई जा रही है–गुरुद्वारों में शबद कीर्तन और लंगर के आयोजन।**
- **कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पुष्कर सहित पवित्र तीर्थों में दीपदान और दान पुण्य के कार्यक्रम।**
- **जयपुर में आज से आयुर्वेद कुंभ "संयोजनम् 2024" का शुभारंभ।**

000

आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है। यह दिन हर साल 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस अवसर पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए भगवान बिरसा मुंडा को नमन किया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बिरसा मुंडा के 150 वें जन्म जयंती वर्ष के शुभारंभ की बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री बागडे ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और मातृभूमि पर स्वराज का पैगाम देने वाले भगवान बिरसा मुंडा के आदर्श हमारी धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने जनजाति गौरव, जनजातीय संस्कृति, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया। इस मौके पर प्रदेश में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जनजातीय समुदायों के लिए शिक्षा, उपचार और रोजगार देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने जनजातीय गौरव दिवस पर आज बिहार के जमुई में छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य जनजातीय समुदायों का उत्थान और ग्रामीण तथा दूरदराज के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में सुधार करना है। श्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और समृद्ध आदिवासी विरासत और संस्कृति पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने दो जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के संग्रहालय और दो जनजातीय अनुसंधान संस्थानों का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा है कि उनकी सरकार जनजातीय समुदाय की विरासत और संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। जमुई में श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान शुरू किया है।

............

प्रधानमंत्री ने जनजातीय समाज के लिए इस तरह की पहल तैयार करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के विचारों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आदिवासी बहुल जिलों में बिरसा मुंडा गौरव उपवन शुरू करने की घोषणा की। श्री मोदी ने कहा कि जनजातीय समुदाय की 20 लाख लखपति दीदियों को सरकारी सहायता प्रदान की गई है। इधर, प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी जनजातीय गौरव दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला स्तर पर आयोजित हुए कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री के संबोधन को वर्चुअल रूप से सुना गया। बांसवाडा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल हुए। उन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए आदिवासी वीरों के बलिदान को याद करते हुए नमन किया।

............

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज की 30 प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया। चित्तौडगढ में आयोजित कार्यक्रम में सांसद सीपी जोशी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान आदिवासी समाज के लोगों को विभिन्न योजनाओं से जोडा गया। इस अवसर पर पाली के बाली पंचायत समिति में जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और आदिवासी समाज के लोगों ने भाग लिया। इस अभियान में जिले की 43 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। इन पंचायतों में कल से अगले दस दिन तक शिविर आयोजित किये जाएंगे। जैसलमेर, जालौर, भीलवाडा और सवाईमाधोपुर सहित अन्य जिलों में भी ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरुआत हुई। कोटा में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जनजातीय विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

000

गुरूनानक जयंती को प्रकाश पर्व के रूप में आज देशभर में उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में गुरु नानक देव जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि नानक देव जी की शिक्षाएं लोगों को करुणा, दया और विनम्रता की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती रहेंगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि गुरूनानक देव की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए सेवा, सामाजिक समानता, नैतिक ईमानदारी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति राज्य सरकार समर्पित और कटिबद्ध

है। प्रकाश पर्व के मौके पर राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के सभी छोटे–बड़े गुरूद्वारों में शबद कीर्तन और लंगर के आयोजन किये जा रहे है। भरतपुर के पाईबाग स्थित गुरुद्वारे में गुरुवाणी के पाठ और लंगर बरता जा रहा है। चूरू, सवाईमाधोपुर और दौसा में भी प्रकाश पर्व पारम्परिक धार्मिक उल्लास से मनाया जा रहा है। झालावाड जिले के झालरापाटन और भवानी मंडी स्थित गुरुद्वारों में विशेष अरदास और कीर्तन कार्यक्रम आयोजित हुए। हनुमानगढ़ जिले में प्रकाश पर्व के मौके पर गुरुद्वारों पर विशेष आयोजन किये जा रहे हैं।

000

कार्तिक पूर्णिमा का पर्व आज प्रदेशभर में देव दिवाली के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सभी पवित्र तीर्थ स्थलों पर स्नान और दीपदान सहित दानपुण्य किये जा रहे हैं। जयपुर के गलता तीर्थ पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। जयपुर और आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु स्नान के लिए गलता पहुंच रहे हैं। बालोतरा में खेड़ के रणछोड़ राय तीर्थ पर अन्नकूट महोत्सव के साथ मेला आयोजित किया जा रहा है। पाली में कार्तिक पूर्णिमा पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। सवाईमाधोपुर के रामेश्वर धाम स्थित त्रिवेणी संगम पर भक्तों ने स्नान कर भगवान चतुर्भुज नाथ के दर्शन किये। चूरू के सालासर बालाजी मंदिर में पूर्णिमा के अवसर पर विशेष अनुष्ठान किये गये। पुष्कर में आज कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान कर दानपुण्य किया। प्रशासन ने लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये।

000

अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर मेले का आज औपचारिक समापन हुआ। मेला मैदान में आयोजित समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि तीर्थराज पुष्कर में पर्यटन को बढावा देने के लिए कई विकास कार्य करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए अधिकारियों और स्थानीय लोगों से सुझाव लिए जाएंगे। समारोह में स्कूली छात्राओं ने लोकगीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। इसके बाद देसी विदेशी खिलाड़ियों के बीच विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं हुईं।

000

जयपुर में आज से आयुर्वेद कुंभ "संयोजनम् 2024" का शुभारंभ हुआ। तीन दिन चलने वाले इस कार्यक्रम का शुभारंभ ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने किया। इस अवसर पर एनसीएसएम के चेयरमैन जयंत देव पुजारी, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए अभियान चलाने होंगे। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान परिसर में शुरू हुए इस कार्यक्रम में देशभर के करीब तीन हजार से अधिक आयुर्वेद शोधार्थी, चिकित्सक और शिक्षक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में आयुर्वेद से जुड़े नवाचारों, स्टार्टअप्स और प्रकृति परीक्षण की जानकारी दी जा रही है।

000

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स जोधपुर को चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान के लिए बेस्ट एक्स्ट्रा म्यूरल इंस्टिट्यूट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में हुए इस कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने एम्स की एकेडमिक डीन डॉ. शिल्पी दीक्षित को ये सम्मान प्रदान किया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना के सम्मान में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय प्रेस दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री बागडे ने कहा कि यह दिवस लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की स्वतंत्रता और ज़िम्मेदारियों की ओर ध्यान आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस से ही लोकतंत्र सुदृढ़ होता है। उन्होंने लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिए सबको मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

000

भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक आज जयपुर के प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई। दो सत्रों में हुई इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने की। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी डॉ. राधामोहन दास अग्रवाल और प्रमुख प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सक्रिय सदस्यता अभियान और संगठन पर्व पर चर्चा की गई।

000